मध्यप्रदेश शासन
स्कूल शिक्षा विभाग
मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

क्रमांक 412 / 670 / 2020 / 20-2 भोपाल, दिनांक 02-03-2020

प्रति,

1. समस्त कलेक्टर, मध्यप्रदेश
2. समस्त जिला शिक्षा अधिकारी, मध्यप्रदेश
3. समस्त जिला परियोजना समन्वयक, जिला शिक्षा केन्द्र मध्यप्रदेश

विषय:-कोरोना वायरस संक्रमण से बचाव हेतु विद्यार्थियों में जागरूकता फैलाने बाबत।

-00-

उपरोक्त विषयांतर्गत संयुक्त सचिव, भारत सरकार, मानव संसाधन विकास मंत्रालय नई दिल्ली से प्राप्त अ0शा0 पत्र क्र. 14-6 / 2020-आईएस-10, दिनांक 21.02.2020 की सहपत्रों सहित छायाप्रति संलग्न प्रेषित है।

2/ स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा कोरोना वायरस संक्रमण से बचाव के लिए निम्नानुसार सावधानियां बरतने हेतु सुझाव दिए गए है:-

1. छींकने, खांसने, टॉयलेट आदि के पश्चात् एवं बीमार व्यक्ति से मिलने, खाना पकाने अथवा खाना खाने इत्यादि के पूर्व एवं पश्चात् साबुन एवं जल से नियमित रूप से हाथ धोएं।
2. छींकते व खाँसते समय नाक एवं मुँह को रूमाल, टिश्यू या कोहनी से ढांक कर रखें।
3. खाँसी, जुकाम या बुखार से पीड़ित व्यक्ति से कम से कम 1 मीटर की दूरी बनाये रखें।
4. खाँसी, जुकाम, बुखार या साँस लेने में तकलीफ की दशा में तत्काल चिकित्सक से संपर्क करें।
5. बुखार या सर्दी जुकाम की दशा में यात्राएं टालें।

उक्त सुझावों से जिलों में संचालित समस्त शासकीय / अशासकीय विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों में जागरूकता फैलाने एवं सुझाये गये उपाय अनुसार कार्यवाही सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक कार्यवाही कर कृत कार्यवाही से तत्काल अवगत कराना सुनिश्चित करें।

संलग्नः-उपरोक्तानुसार

(रश्मि अरुण शमी)
प्रमुख सचिव
म.प्र.शासन, स्कूल शिक्षा विभाग

पृ0 क्रमांक 413 / 670 / 2020 / 20-2 भोपाल, दिनांक 02-03-2020

प्रतिलिपि:-

1. आयुक्त, लोक शिक्षण, म.प्र. भोपाल
2. संचालक, राज्य शिक्षा केन्द्र, म.प्र. भोपाल
3. समस्त संयुक्त संचालक, लोक शिक्षण, मध्यप्रदेश

की ओर संयुक्त सचिव, भारत सरकार, मानव संसाधन विकास मंत्रालय नई दिल्ली से प्राप्त अ0शा0 पत्र क्र. 14-6 / 2020-आईएस-10, दिनांक 21.02.2020 की छायाप्रति संलग्न कर सूचनार्थ एवं पालनार्थ।

प्रमुख सचिव
म.प्र.शासन, स्कूल शिक्षा विभाग

Scanned with CamScanner